कार्यवाही | शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने और पुलिस से अभद्रता करना पड़ा महंगा

# युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर निकाला जुलूस



**नवभारत,नरसिंहपुर।** पुलिस ने युवक का निकाला जुलूस, मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया फोटो- 15 एनएसपी 1 नंबर की है संतोष कुमार दुबे आम सभा नरसिंहपुर। एक युवक को शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को डराना धमकाना बेहद महंगा पड़ा। इस युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया ओर पुलिस की गाड़ी जब खराब हो गई तो इसको पैदल थाने तक ले जाया गया। लोगों ने कहा कि पुलिस ने इसका जुलूस निकालकर ठीक किया। जानकारी अनुसार रविवार की देर शाम को यातायात पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी इसी दौरान सूरज पटेल अपनी कार से निकला यातायात पुलिस ने सूरज पटेल की कार में लगे कांचों में लगी नीली फिल्म को हटाने की बात की। पर सूरज पटेल ने कोई बात नहीं मानी और वह पुलिस अधिकारियों को डराने धमकाने लगा अभद्रता करने लगा। समझाने के बाद भी उसने शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई। इसे लेकर गिरफ्तार किया गया है मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। जानकारी अनुसार पुलिस ने ब्रांच स्कूल के पास कार से काली फिल्म हटवाई और बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ी पर नंबर प्लेट लगवाई। युवक ने कार्रवाई का विरोध करते हुए हंगामा किया, जिससे क्षेत्र में कुछ देर के लिए गहमागहमी की स्थिति बन गई। यातायात थाना प्रभारी ममता तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान उन्होंने एक वरना कार को रोका, जिसके शीशों पर गहरे रंग की काली फिल्म लगी थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वाहन चालक को कुछ दिन पहले राम मंदिर क्षेत्र में भी चेकिंग के दौरान रोका गया था। उस समय उसे काली फिल्म हटाने और नंबर प्लेट लगाने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन उसने निर्देशों का पालन नहीं किया।

### कार्रवाई का विरोध

रविवार को दोबारा पकड़े जाने पर वाहन चालक सूरज पटेल पुलिसकर्मियों से उलझ गया। उसने अपनी राजनीतिक पहुंच का हवाला देते हुए कार्रवाई का विरोध करना शुरू कर दिया। पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को डराने धमकाने लगा । पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए मौके पर ही कार के शीशों से काली फिल्म हटवाई और नंबर प्लेट लगवाई। यातायात थाना प्रभारी ममता तिवारी ने जानकारी दी कि आरोपी सूरज पटेल ने लगभग दो घंटे तक अपनी गाड़ी बीच सड़क पर खड़ी करके यातायात व्यवस्था को बाधित किया। बार-बार समझाने के बावजूद जब वह नहीं माना। कोतवाली थाना प्रभारी गौरव चाटे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी मारपीट सहित अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## अज्ञात शव का पुलिस ने कराया अंतिम संस्कार

**नवभारत,गोटेगांव।** ठेमी थाना अंतर्गत घाट पिड़रई के पास रेलवे लाइन के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। मंगलवार को स्टेशन मास्टर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की, लेकिन मृतक की पहचान से संबंधित कोई साक्ष्य प्राप्त नहीं हो सके। पुलिस ने बताया कि रेलवे खंभा क्रमांक 915/4 और 915/6 के बीच झाड़ियों में मिले इस शव की शिनाख्त के लिए आसपास के ग्रामीणों को भी बुलाया गया, परंतु कोई भी उसकी पहचान नहीं कर सका। तलाशी के दौरान मृतक के पास से कोई पहचान पत्र या दस्तावेज भी बरामद नहीं हुए। अंततः पहचान न होने पर कानूनी प्रक्रिया और पोस्टमार्टम के बाद शव को नगर के मुक्तिधाम में दफना दिया गया। पुलिस अब मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए उसकी तस्वीरें विभिन्न थानों और रेलवे स्टेशनों पर भेजकर परिजनों की तलाश कर रही है।




## पुरानी सड़क पर स्पीड ब्रेकर तो बन रहे, मरम्मत की सुध नहीं

**नवभारत,गोटेगांव।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मानेगांव चौराहा से मल्लाह पिपरिया तक बनी सड़क की हालत खराब है। ग्राम पंचायत करकबेल से बौछार तक 3 साल पहले बनी कंक्रीट सड़क पर अब स्पीड ब्रेकर बनाए जा रहे हैं, लेकिन मरम्मत को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि 5 साल की गारंटी वाली इस सड़क पर कभी कोई मेंटेनेंस या रिपेयरिंग कार्य नहीं हुआ। जगह-जगह गिट्टी निकल आई है, गड्ढे हो गए हैं। साइड शोल्डर टूटने से दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि भारी यातायात होने पर स्पीड ब्रेकर जरूरी हैं तो सड़क की मरम्मत क्यों नहीं? अच्छा होता स्पीड ब्रेकर के साथ सड़क के गड्ढों, दरारों और टूटे हिस्से का भी सुधार हो जाता। इससे यातायात में राहत मिलती। सड़क के गड्ढों की मरम्मत न होने से बरसात में पानी भरेगा और दुर्घटना की संभावना बढ़ेगी। सड़क किनारे बनी नाली कचरे से अटी है। पानी का बहाव न होने से गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। बारिश में नालियां और दुखदाई होंगी। सड़क किनारे रहवासियों के घरों में गंदा पानी भरने का डर है।

## विकास खंड स्तर पर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**नवभारत,गाडरवारा।** कार्यालय जिला पंचायत (पी एम पोषण) नरसिंहपुर के पत्र क्रमांक /1922 /जि.पंचा./पी एम पोषण/ 2026 दिनांक 03/06/2026 के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु विकास खंड स्तर पर कुक कम हेल्पर्स की कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन 19 जून को सुबह 11 बजे से सांदीपनी विद्यालय साईंखेड़ा में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य मध्यान्ह भोजन में स्थानीय खाद्य सामग्री, मिल्ट्स, दालों एवं अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों से स्वादिष्ट स्वच्छ एवं पोषणयुक्त व्यंजनों के निर्माण को प्रोत्साहित करना है। प्रशासन के निर्देशानुसार प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु सुश्री सीमा डोंगरे विकास खंड शिक्षा अधिकारी सांईखेड़ा को नोडल अधिकारी एवं संदीप स्थापक बीआरसी विकास खंड सांईखेड़ा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर उक्त प्रतियोगिता के सुचारू संचालन हेतु दायित्व सौंपे गये हैं।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूलों में लौटी रौनक



**नवभारत,गाडरवारा।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद मंगलवार से क्षेत्र के विद्यालयों में फिर से चहल-पहल लौट आई। छात्र-छात्राएं अपने मित्रों और शिक्षकों से मिलकर उत्साहित नजर आए तथा नए जोश और उमंग के साथ शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल हुए। मध्यप्रदेश शासन के स्कूल चलें हम अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत 16 से 30 जून 2026 तक आयोजित किए जा रहे शाला प्रारंभ उत्सव के तहत ग्राम पाली (खेरी) स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम की सबसे बुजुर्ग महिला द्वारा विद्यालय की घंटी बजाकर किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें विशेष भोज भी कराया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिवपाल धानक, स्वसहायता समूह अध्यक्ष जमना बाई एवं भूरे मेहरा सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानपाठक सिराज अहमद सिद्धिकी ने कहा कि विद्यालय में इस वर्ष छात्र संख्या बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सहयोग की अपील की।

## खतरों से खेलते कर्मवीरों को जरुरत है सुरक्षा उपकरणों की

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** आम आदमी के दैनिक जीवन में शामिल हो चुकी बिजली की व्यवस्था को लेकर 24 घंटे तत्पर रहने वाले विद्युत कर्मचारी जो सबको प्रकाश में रखना चाहते हैं।भीषण गर्मी हो या बरसात ठंड का मौसम विजली कर्मी शिकायत सूचना मिलने पर तत्काल हाजिर हो जाते हैं। लेकिन इनकी चिंता शायद किसी को भी नहीं है।

बरसात के दिनों में नंगे हाथों पैरों से विद्युत पोलों पर चढ़ना किसी खतरे से कम नहीं होता है। इन कर्मियों के पास ना तो हेंडग्लोब्ज हैं ना डिस्चार राड रेनकोट टार्च जूते प्लास्टर तक नहीं है बरसात के पूर्व इनकी सुरक्षा जरूरी है।यही कर्मचारी को विद्युत बसूली से लेकर सुधार कार्य में भी अपनी सहभागिता निभानी पड़ती है।



## कमल पुष्पों से हुआ पिपलेश्वर महादेव का श्रृंगार



**नवभारत,गोटेगांव।** नगर के शिक्षक कॉलोनी स्थित प्राचीन पिपलेश्वर महादेव मंदिर में पुरुषोत्तम मास और सोमवती अमावस्या के दुर्लभ संयोग पर विशेष धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से भगवान शिव का कमल पुष्पों से आकर्षक श्रृंगार और पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पुरुषोत्तम मास भगवान विष्णु को समर्पित है, वहीं सोमवार महादेव का प्रिय दिन है। ऐसे में सोमवती अमावस्या का यह संयोग अत्यंत दुर्लभ माना जाता है। मंदिर में पंडित सार्थक शुक्ला द्वारा कमल के फूलों से शिवलिंग का दिव्य श्रृंगार किया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। वैदिक मंत्रोच्चार और शिव भजनों से मंदिर परिसर का वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। पूजा के दौरान महिलाओं के साथ बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की, जिससे भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं के प्रति नई पी ?ी का समर्पण दिखाई दिया। इस अवसर पर सुमन शुक्ला, ज्योति पटेल, द्रौपदी पटेल, सुधा पटेल, मंजू नेमा, दिव्या पटेल, लक्ष्मी सोनी, गुंजन चौहान और अनीता अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### एक नजर में

## डीजल विक्रय पर अस्थायी विनियमन लागू, निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता एवं आपूर्ति की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा मोटर स्पिरिट एवं उच्च वेग डीजल (खुदरा विक्रय केन्द्रों के माध्यम से प्रदाय का अस्थायी विनियमन) आदेश 2026 लागू किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी डीजल खुदरा विक्रय केन्द्रों (पेट्रोल पंपों) द्वारा डीजल केवल वाहनों के टैंक में अथवा पेसो (पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन) द्वारा अनुमोदित कंटेनरों में ही विक्रय किया जाएगा। साथ ही एक दिन में एक ग्राहक/वाहन को अधिकतम 200 लीटर डीजल ही प्रदान किया जा सकेगा। यह भी निर्देशित किया गया है कि खरीदा गया डीजल पुनः बिक्री हेतु उपयोग नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त संस्थागत, औद्योगिक एवं व्यावसायिक उपभोक्ता खुदरा विक्रय केन्द्रों से डीजल एवं पेट्रोल की खरीदी नहीं करेंगे और अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति केवल अपने अधिकृत उपभोक्ता पंपों के माध्यम से ही करेंगे। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि उक्त आदेश के पालन हेतु जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों एवं ऑयल कंपनियों के सेल्स अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

## मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान की बैठक लेंगे आज

**नवभारत,नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में 17 जून 2026 को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान के संबंध में बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर रजनी सिंह ने आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों को उपस्थित रहने को कहा है।

## सभापति एससी/ एसटी कल्याण संबंधी समिति एवं सांसद का प्रवास कार्यक्रम जारी

**नवभारत,नरसिंहपुर।** सभापति, एससी/ एसटी कल्याण संबंधी समिति और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते 18 जून को जिले के प्रवास पर रहेंगे और स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जारी प्रवास कार्यक्रम के अनुसार सभापति एससी/ एसटी कल्याण संबंधी समिति और सांसद कुलस्ते गुरूवार 18 जून को अपरान्ह 3 बजे जिले के विकासखंड गोटेगांव के ग्राम करकबेल, सायं 5 बजे विकासखंड गोटेगांव और सायं 7 बजे श्रीनगर में आएंगे। इसके पश्चात आप रात्रि 08ः30 बजे झौतेश्वर गेस्ट हाउस आएंगे और रात्रि विश्राम करेंगे।

## युवक पर पिस्टल से किया फायर

**नवभारत, जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत सिद्धबाबा रामलीला मैदान के पास बदमाशों ने युवक पर पर जानलेवा हमला कर दिया। मुख्य आरोपी ने युवक की छाती पर पिस्टल तानकर ट्रिगर दबा दिया, लेकिन मिसफायर होने की वजह से युवक की जान बाल-बाल बच गई। इसके बाद आरोपियों ने युवक को पकड़कर पिस्टल के बट से मारकर उसे लहूलुहान कर दिया। घायल को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया घमापुर के सिद्धबाबा रामलीला मैदान के पास रहने वाला 30 वर्षीय अनमोल डेनियल एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। वह रामलीला मैदान के सामने स्थित कल्लू के भतीजे की दुकान पर अंडा खाने गया था। जब वह अंडा खाकर अपनी मोटरसाइकिल से वापस घर की तरफ निकल रहा था, तभी दुकान के पास खड़े कुछ लड़के सरेआम गालियां बक रहे थे। गाली देते देख अनमोल ने उन्हें नसीहत दी और गाली देने से मना किया। इतनी सी बात पर वहां मौजूद बदमाश भड़क गए। इसी बीच मुख्य आरोपी शुभम सोनकर अपने तीन अन्य साथियों के साथ वहां पहुंच गया। शुभम ने अनमोल को धमकाते हुए कहा कि तुम हमारे बीच में बोलने वाले कौन होते हो? और सीधे अपनी कमर से पिस्टल निकालकर अनमोल पर फायर कर दिया।

## कई आवेदनों का मौके पर निराकरण



**नवभारत,गोटेगांव।** बीते दिवस एसडीएम संघमित्रा गौतम की अध्यक्षता में मंगलवार को एसडीएम कार्यालय सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 17 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इनमें राजस्व, पेंशन, राशन, अतिक्रमण, कृषि, नाली-नल कनेक्शन और प्रधानमंत्री आवास से जुड़ी समस्याएं शामिल थीं। एसडीएम ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों में से कई का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का मौके पर निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदनों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर कृषि विभाग अधिकारी, तहसीलदार, नगर पालिका गोटेगांव एवं महिला बाल विकास अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी।

## मार्ग निर्माण से क्षेत्र के विकास को लगेंगे चार चांद

**नवभारत,गोटेगांव।** लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग पर गोटेगांव से लाट गांव होते हुए कुंडा तक पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य अब तेजी से चल रहा है। स्वीकृति मिलने के बाद शुरू हुए इस काम से क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। छोटे व्यापारियों को लाभ होगा और आवागमन सुगम होगा। इस मार्ग से अधिकतर उपजाऊ कृषि भूमि जुड़ी है। अब किसान बारिश में भी उन्नत खेती कर सकेंगे और अपनी फसलों को आसानी से सड़क मार्ग से मंडी तक ले जा पाएंगे। यह रोड गोटेगांव से लाट गांव और लाट गांव से धूमा को जोड़ता है। धूमा रोड सीधा नागपुर से जुड़ता है। सड़क बनने के बाद लोग धूमा होते हुए नागपुर तक कम समय में सुगमता से पहुंच सकेंगे। रोड निर्माण के साथ-साथ विद्युत व्यवस्था का मेंटेनेंस एवं सुधार कार्य भी चल रहा है। सड़क किनारे लगे बिजली के खंभों को विधिवत रूप से व्यवस्थित किया जा रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्रवासियों को आवाजाही में परेशानी नहीं होगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रोड के बनने से क्षेत्रवासियों को हर प्रकार से लाभ होगा। फिलहाल निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है।



## जनसुनवाई में आये 140 आवेदन पत्र

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 140 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## विद्युत सुधार कार्य, 2 घंटे बंद रहेगी बिजली आज

**नवभारत,गोटेगांव।** विद्युत विभाग अधिकारी गोटेगांव के आदेशानुसार कल दिनांक 17/06/2026, दिन बुधवार को 11 केवी बरगी फीडर पर विद्युत सुधार कार्य किया जाएगा। इस दौरान सुबह 6ः00 बजे से 8ः00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। कार्य की आवश्यकता अनुसार समय घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है। संभवतः सबस्टेशन में कार्य होने पर पूरा नगर प्रभावित विभाग ने बताया कि यदि सबस्टेशन में कार्य होता है तो इस दौरान पूरे नगर की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। उपभोक्ताओं से अपील विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि आवश्यक कार्य पहले से निपटा लें और सहयोग करें। असुविधा के लिए खेद है।

## तेंदूखेड़ा के मोहांश गोल्डन बुक आफ द वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** नगर के प्रतिष्ठित किराना व्यवसायी संदीप कुमार जैन के छोटे भाई अभिषेक जैन के पुत्र मोहांश जैन जिनकी उम्र अभी मात्र साढ़े आठ वर्ष की है इतनी कम उम्र में उनका नाम गोल्डन बुक आफ दा वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होना तेंदूखेड़ा क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।मोहांश ने बहुत ही छोटी उम्र में जैन दर्शन के अति प्राचीन संस्कृत तथा प्राकृत भाषा के पांच ग्रंथों को कंठस्थ याद किया है।लौकिक क्षेत्र की जगह अपने धर्म ग्रंथों से संबंधित रिकॉर्ड बनाना हम लोगों को और भी अधिक गर्व का विषय है।मोहांश ने जिन ग्रंथों को कंठस्थ याद किया है। उनमें रत्नकरण्ड श्रावकाचार तत्त्वार्थ सूत्र द्रव्य संग्रह इष्टोपदेश भक्तामर स्तोत्र प्रमुख रुप से शामिल हैं। मोहांश की इस सफलता पर सभी वर्गों के लोगों ने को बधाइयां और उज्जवल भविष्य की कामनाएं की है।




## सोपास संगठन ने एसडीएम व बीईओ को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,गोटेगांव।** सोपास संगठन ब्लॉक गोटेगांव ने16 जून दिन मंगलवार को एसडीएम गोटेगांव एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अशासकीय विद्यालयों में शुल्क संबंधी आ रही समस्याओं से अवगत कराया। संगठन ने बताया कि नवीन सत्र शुरू होते ही अनेकों अभिभावक विगत सत्र की शुल्क न देने के लिए नए-नए बहाने बनाकर जनसुनवाई व अन्य कार्यालयों में शिकायत दर्ज करा देते हैं। जबकि विद्यालय पूर्व में ही शुल्क की जानकारी बीईओ, डीईओ, कलेक्टर तथा राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल तक भेज देते हैं। संगठन ने मांग की कि विद्यालयों के निर्धारित प्रारूप अनुसार उनकी शुल्कों का संरक्षण किया जाए। दूसरे ज्ञापन में फीस संबंधी शपथ पत्र अपलोड करने को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के 2024-25 के पोर्टल में विलंब शुल्क खत्म कर सुधार करते हुए शुल्क संबंधी जानकारी अपलोड करने का अवसर देने की मांग की गई। ज्ञापन देते समय अनूप उपाध्याय अरविंद नजीर खान राजेश दुबे नरेश बरुआ महमूद खान जितेंद्र पगारे नम्रता मराठा सहित ग्रामीण अंचलों के कई विद्यालय संचालक उपस्थित रहे।



## 25वीं पूर्वी जोन अंतर-जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता



**नवभारत,नरसिंहपुर।** जबलपुर में आयोजित 25वीं पूर्वी जोन अंतर-जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में नरसिंहपुर पुलिस का शानदार प्रदर्शन हैंडबॉल एवं फुटबॉल में प्रथम स्थान, बास्केटबॉल एवं हॉकी में द्वितीय स्थान। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में स्वर्ण एवं रजत पदक विजेताओं का प्रदर्शन। पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा खिलाड़ियों का सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान।

जबलपुर में आयोजित 25 वीं पूर्वी जोन अंतर-जिला पुलिस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2026 में जिला नरसिंहपुर के पुलिस खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट एवं सराहनीय प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में टीम ने अनुशासन, समर्पण एवं खेल कौशल का परिचय देते हुए नरसिंहपुर पुलिस टीम द्वारा हैंडबॉल एवं फुटबॉल में प्रथम स्थान साथ ही बास्केटबॉल एवं हॉकी में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया। खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारी- हैंडबॉल टीम - आरक्षक अमित रजक, प्रधान आरक्षक तनजीम रिज्वी, अजय पासी, विनय बर्थवाल, अभिषेक पासी, नसीम, आशीष एवं विशाल चैकसे। फुटबॉल टीम - उनि गौरव नेमा, प्रधान आरक्षक तनजीम रिज्वी, आरक्षक अजय पासी, यशराज, अभिषेक पासी, हरीश मुडिया, अभिषेक बस्तवार, वियन बर्थवाल, नदीम, प्रवीन, नसीम, शान्तनु। हॉकी टीम - प्रधान आरक्षक तनजीम रिज्वी, आरक्षक राघवेन्द, अभिषेक बस्तवार, अभिषेक पासी, अजय पासी, हरीश मुडिया, याशराज सिंह, दीपक कोल, पवन रजक, विनय, राहुल पाठक एवं नसीम। बास्केटबॉल टीम - प्रधान आरक्षक तनजीम रिज्वी, आरक्षक विनय बर्थवाल, नदीम, अजय पासी, आशीष सिलावट एवं पवन रजक।

### प्रदर्शन की सराहना की

इसी प्रकार प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र झारिया द्वारा कुश्ती 70 किग्रा एवं 72 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक तथा वेटलिफ्टिंग 77 किग्रा वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया गया है। साथ ही आरक्षक मनीष सोनकर द्वारा कुश्ती 74 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक, 77 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक एवं वेटलिफ्टिंग 77 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया गया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित खिलाड़ियों/पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक एवं मानसिक क्षमता को सुदृढ़ करते हैं।

## सड़क सुरक्षा के लिए दिए निर्देश

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को ली। आयोजित बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, मुख्य कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग अरविंद किटहा अरविंद किटहा, यातायात निरीक्षक ममता तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने बैठक में सड़क मार्गों में स्थित गड्ढों और साईड शोल्डरों का भराव किया जाए। उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थलों पर साइन बोर्ड लगाने तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिले के सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सुधार कार्य एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं शीघ्र पूर्ण करने को कहा। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि जिले में यातायात व्यवस्था सुचारू एवं सुरक्षित रूप से संचालित हो, इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। आयोजित बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कलेक्टर रजनी सिंह ने बैहर तिराहा पर फ्लाई ओवर निर्माण हेतु प्रस्ताव और शहर में यातायात व्यवस्था में सुधार करने के लिए सर्विस लाइन (ले-बाय) निर्माण के निर्देश दिए। जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया, जिससे ब्लैक स्पॉट्स पर दुर्घटनाओं की संभावनाओं को रोका जा सके। गाडरवारा नगर में भारी वाहनों के प्रवेश के लिए वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए।